प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- भारत ने चीन को पीछे छोड़ते हुए विश्व का सबसे बड़ा धान उत्पादक बनने का गौरव किया हासिल
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–पर्यावरण संरक्षण के उदेश्य से प्रदेश में पैट्रोफयूल इंजन से चलित सभी 22 हजार टैक्सी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से बदला जाएगा इलैक्ट्रिक व्हिकल में
- शिमला जिले में कारीगरों और शिल्पकारों के कौशल को निखारने के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत सुनारों को दिया जाएगा प्रशिक्षण
- तापमान में लगातार गिरावट के चलते समूचा प्रदेश शीतलहर की चपेट में–मैदानी इलाकों में सात जनवरी तक घने कोहरे का येलो अलर्ट।

धान उत्पादन

भारत ने चीन को पीछे छोड़ते हुए विश्व का सबसे बड़ा धान उत्पादक देश बनने का गौरव हासिल किया है। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिव राज सिंह चौहान ने कल नई दिल्ली में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि देश में धान उत्पादन 15 करोड़ एक लाख अस्सी हजार टन हो गया है, जबकि चीन में यह 14 करोड़ 52 लाख 80 हजार टन रहा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत अब विदेशी बाजारों में भी चावल की आपूर्ति कर रहा है।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कल दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से विकसित 25 फसलों की 184 उन्नत किस्में प्रदर्शित कीं। उन्होंने कहा कि अधिक उपज वाली फसलों के विकास में देश को बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि ये नई प्रजातियां जल्दी जल्दी से किसानों तक पहुंचे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इनसे किसानों को अधिक उपज और बेहतर गुणवत्ता की फसल प्राप्त करने में मदद मिलेगी। उन्होंने देश को आत्म–निर्भर बनाने के लिए कृषि वैज्ञानिकों से दलहन और तिलहन का उत्पादन बढ़ाने पर ध्यान देने को कहा।

मुख्यमंत्री

शिमला में चल रहे एमएसएमई फेस्ट के अंतिम दिन आज विभिन्न गतिविधियों का आयोजन होगा। इससे पहले कल मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य में नई उद्योग नीति जल्द लाई जाएगी और पहले से स्थापित उद्योगों को सशक्त बनाया जाएगा।

देश–विदेश के उद्यमियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार निवेश अनुकूल परितंत्र विकसित करने के लिए निरंतर नवीन पहलें कर रही है, ताकि प्रदेश निवेशकों के लिए एक विश्वसनीय और आकर्षक स्थल बन सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पैट्रोफयूल इंधन से चलित सभी 22 हजार टैक्सी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक व्हिकल में बदला जाएगा, जिसके लिए सरकार नई योजना लेकर आ रही है और इसमें चालीस प्रतिशत सब्सीडी भी प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन उद्योग सरकार की विशेष प्राथमिकता है, जिसके लिए संपर्क सुविधाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च तक कांगड़ा हवाई अड्डे के लिए जमीन का अधिग्रहण पूरा कर लिया जाएगा। एमएसएमई फेस्ट के दौरान प्रदेश सरकार के साथ उद्यमियों ने 10 हजार करोड़ के लागत के उद्यम स्थापित करने के लिए 37 ज्ञापन हस्ताक्षरित किए। इस मौके पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान भी मौजूद रहे।

<u>योजना</u>

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज शिमला में स्वच्छ शहर–समृद्ध शहर योजना के तहत सिटिजन कनेक्ट कार्यक्रम–दो की शुरूआत करेंगे। डिजिटल गवर्नेंस ईको सिस्टम को मजबूत करने के लिए ये शुरूआत की जा रही है। इस दौरान लोकनिर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी मौजूद रहेंगे। सिटिजन कनेक्ट कार्यक्रम के तहत अब तक लाखों लोगों को डिजिटल सेवाओं से जोड़ा गया है। इसके अलावा ऑनलाइन आवेदन, शिकायत निवारण, प्रमाण पत्र, पैंशन, बिल भुगतान व अन्य आवश्यक सेवाएं डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री बाद दोपहर प्रदेश सचिवालय में सूचना प्रौद्योगिकी व ई–गवर्नेंस सोसायटी की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में उद्योग विभाग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी और सोसायटी से संबंधित प्रस्तावों की समीक्षा की जाएगी।

<u>.आयुष–एफटीए</u>

वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि भारत की पारंपरिक औषध उपचार पद्धति–आयुष को ओमान और न्यूजीलैंड के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते में औपचारिक मान्यूता मिली है। दोनों देशों के साथ पिछले वर्ष दिसंबर में व्यापार समझौतों को अंतिम रूप दिया गया था। इसके तहत स्वास्थ्य सेवाओं और पारंपरिक औषधि का प्रावधान किया गया है। पिछले वर्ष आयुष और जड़ी बूटी उत्पादों के निर्यात में छह दशमलव एक–एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

<u>पीएम विश्वकर्मा योजना</u>

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत प्रदेश में अभी तक 19 हजार 700 लोगों का चयन किया गया है। योजना का उदेश्य पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को उनके कौशल को निखारने में आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर स्वरोजगार उपलब्ध करवाना है। शिमला जिला के हस्तशिल्प और कारीगर भी इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता

*पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत जिला शिमला में सुनार के प्रशिक्षण को लेकर विशेष बल दिया जा रहा है।उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा है कि जिला में सुनारों के प्रशिक्षण को लेकर विशेष योजना की आवश्यकता है। जिला भर के मंदिरों में देवी–देवताओं से जुड़े आभूषणों का निर्माण करने वाले पारंपरिक सुनारों की संख्या बहुत कम रह गई जबकि इसमें स्वरोजगार की आपार संभावनाएं है। उपायुक्त ने जिला महा प्रबंधक जीआईसी व अन्य हितधारकों को निर्देश देते हुए कहा कि सुनार को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत प्रशिक्षण दिया जाए। इस योजना के माध्यय से घरद्वार और अपने जिला में ही प्रशिक्षित लोगों को रोजगार मिल पाएगा।प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जिसका उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को उनके कौशल को निखारने और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सहायता प्रदान करना है।*

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है, वहीं, निचले व मैदानी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर कोहरा छाया है। हालांकि बीती रात राज्य के अधिक उंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हुई, जिससे ठंड का प्रकोप तेज हो गया है। लाहौल–स्पीति, किन्नौर और शिमला जिला में न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज व कल राज्य के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी का अनुमान जताया है, जबकि मध्यवर्ती व मैदानी भागों में मौसम साफ बना रहेगा। इसके अलावा आगामी 7 जनवरी तक ऊना, बिलासपुर हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, सोलन और सिरमौर जिलों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से.........

आज समाचार पत्रों ने एमएसएमई फेस्ट में औद्योगिक निवेश के करार से संबंधित खबर को सचित्र प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है–हिमाचल में 10 हजार करोड़ का होगा निवेश, इंडसरो, ऑर्गो समेत 37 कंपनियों से करार। पंजाब केसरी के शब्द हैं–हिमाचल में 10 हजार करोड़ के निवेश का मार्ग प्रशस्त, इन्वैस्टर मीट में 37 एम.ओ.सू. साइन। दिव्य हिमाचल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–उद्योगों को देंगे सस्ती बिजली। जबकि दैनिक जागरण का शीर्षक है–हिमाचल में नई औद्योगिक नीति शीघ्र लाएंगे।

हिमाचल दस्तक ने खबर दी है–बड़ी कंपनियों को लैंड रेवेन्यू देने से इनकार–वाटर सेस के बाद दूसरा मामला जाएगा न्यायालय।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है–बर्फबारी के बाद अब शीतलहर से पांच स्थानों पर पारा माइनस में, अगले दो दिन बर्फबारी, बारिश के आसार।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ''

- भारत ने चीन को पीछे छोड़ते हुए विश्व का सबसे बड़ा धान उत्पादक बनने का गौरव किया हासिल
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा—पर्यावरण संरक्षण के उदेश्य से प्रदेश में पैट्रोफयूल इंजन से चलित सभी 22 हजार टैक्सी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से बदला जाएगा इलैक्ट्रिक व्हिकल में
- शिमला जिले में कारीगरों और शिल्पकारों के कौशल को निखारने के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत सुनारों को दिया जाएगा प्रशिक्षण
- तापमान में लगातार गिरावट के चलते समूचा प्रदेश शीतलहर की चपेट में—मैदानी इलाकों में सात जनवरी तक घने कोहरे का येलो अलर्ट।